# रिपोर्ट

## [1 Pl 3/48 UP NCC COY]

## प्लास्टिक निषेध रैली एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

जागरूक रहकर ही सही दिशा में कड़ी मेहनत हमेंशा सफलता प्रदान करती है। कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। जब भी और जहां भी अच्छी बातों को सीखने का अवसर मिले, उसे गवाना नहीं चाहिए। उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा में **18.09.2019** आयोजित एक गोष्ठी को संबोधित करते हुए 48 यू पी बटालियन एनसीसी गोंडा के प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल मनोज कांडपाल ने एनसीसी कैडेटों को सम्बोधित करते हुए कही।

प्लास्टिक निषेध विषय पर उन्होंने बताया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर से इसकी शुरुआत करे तो छोटे छोटे कदम मिलकर इस अभियान को व्यापक रूप दे सकते हैं।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना सारस्वत ने कैडेटों को संबोधित करते हुए प्लास्टिक को मीठा जहर बताते हुए कैडेटों को इसके लिए जागरूकता रैली निकालने व महाविद्यालय के आस पास के इलाकों में स्वच्छता मिशन के लिए विभिन्न सामाजिक कार्य हेतु प्रोत्साहन दिया।

महाविद्यालय एनसीसी इकाई के कंपनी कमांडर मेजर डॉ के एन पाण्डेय ने प्लास्टिक, पॉलिथीन के प्रयोग को रोकने हेतु इसके उत्पादन को रोकने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जब तक उत्पादन जारी रहेगा, पॉलिथीन का प्रयोग पूर्ण रूप से रोकना संभव नहीं है।

महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ जितेंद्र सिंह ने प्लास्टिक को पर्यावरण का शत्रु बताते हुए कहा कि किस प्रकार प्लास्टिक विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों का कारण बनता है जिससे कि घातक बीमारियों की बढ़ोत्तरी हो रही है।

इसके अतिरिक्त कैडेट अंजली वर्मा तथा सार्जेंट लखन माथुर ने भी इस विषय पर अपनी बात रखी।

इस अवसर पर डॉ शैलेंद्र मिश्र, डॉ मंशाराम वर्मा, डॉ जय शंकर तिवारी, अमित कुमार शुक्ल तथा कैडेट अंडर अफसर उग्रसेन सिंह, रवि सिंह, अमित कुमार, सुजीत शुक्ल, शिवम सिंह, तनवीर आलम, इंद्रेश कुमार, प्रिया सिंह, शिवानी सिंह, सरिता मौर्या, सत्य प्रकाश शर्मा, अंकुर पासवान, आशीष पाण्डेय, रानी विश्वास, रजनीश तिवारी आदि कैडेट उपस्थित रहे।

जय हिन्द।

**---मेजर (डॉ) के एन पाण्डेय**

**कम्पनी कमाण्डर**



राष्ट्रीय कैडेट कोर
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA




राष्ट्रीय कैडेट कोर
आयोजक : लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, एन.सी.सी इकाई
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA




राष्ट्रीय कैडेट कोर
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA









**मेहनत का कोई विकल्प नहीं**

गोंडा। कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। जागरूक रहकर सही दिशा में कड़ी मेहनत हमेशा सफलता प्रदान करती है। यह बात लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए 48 बटालियन एनसीसी के कार्यवाहक कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कर्णपाल ने कही। इसके पूर्व उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय एनसीसी इकाई का निरीक्षण किया। प्राचार्या डॉ. वंदना सारस्वत, मेजर केएन पांडेय, मुख्य नियंता डॉ. जितेंद्र सिंह के अलावा अंजली वर्मा, सारजेंट लखन माथुर ने अपने विचार रखते हुए प्लास्टिक के खतरों से लोगों को सचेत किया। इस दौरान डॉ. शैलेंद्र मिश्र, डॉ. मंशा राम वर्मा, डॉ. जयशंकर तिवारी, अमित शुक्ल के अलावा एनसीसी कैडेट शिवानी सिंह, सरिता मौर्या, प्रिया सिंह, सुजीत शुक्ल, उग्रसेन सिंह, रानी विश्वास, रवि सिंह मौजूद रहे।

**जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

गोंडा। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के पदाधिकारियों ने जनसमस्याओं पर कचहरी में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सुरेश शुक्ल ने कानून व्यवस्था सुधारने की मांग करने के साथ ही थानों, तहसीलों, सरकारी अस्पतालों और ...



ATTESTED

R.Lu...

IQAC
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda



Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda